हाल ही में सीहोरी और अंबेल डीपी भी ओवरलोड से खराब हो गई। गांव का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूब गया। बिजली नहीं होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई। मोटरें बंद पड़ी हैं।

ग्राम दुधाखिरा भील में भी बिजली व्यवस्था खराब है। प्रातिक सिंह ठाकुर प्रधान सिंह के मुताबिक विभाग ने उनके परिसर तक दो बिजली पोल लगा दिए। केबल नहीं डाली। ट्रांसफॉर्मर करीब 250 मीटर दूर है। तुलसी, जर्जर तारों से करंटयुक्त हो रहा है। अए दिन दुर्घटना होती है।

पिछले दो दिनों से खेतों की बिजली बंद सागपुर नयाखेड़ा गांव में पिछले दो दिनों से खेतों की बिजली बंद है। किसान मनोहर सिंह मेवाड़ा ने सीएम हेल्पलाइन पर

शिकायत दर्ज कराई है। दुधाखिरा भील संचालक के ग्राम तक में पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों ने क्षेत्र की

शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी

हमारे पास अभी तक इस संबंध में कोई शिकायत नहीं पहुंची है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पूनम गुलाम अधीक्षक यंत्री नम्र क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जूनियर इंजीनियर पूजा मुखालिया पर आरोप लगाए हैं। एमीनो का कहना है कि वे मुख्यालय पर नियमित उपलब्ध नहीं रहतीं। फोन के बाद उनका मोबाइल बंद रहता है। अधिक स्थिति में संपर्क नहीं हो पाता। जेई पूजा मुखालिया ने कहा कि दुधाखिरा ट्रांसफॉर्मर बदलने की प्रक्रिया चल रही है। शीघ्र चौखड़ी का ट्रांसफॉर्मर भी बदला जा रहा है।

एसपी ने लिया रात की ड्यूटी और बाजार व्यवस्था का जायजा

डीआर संवाददाता>>अहमदपुर

पुलिस अधीक्षक सोनाली सचदेवा ने गंगलाबर रात करीब 10:30 बजे अहमदपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने की शस्त्रिकालीन ड्यूटी देखी। अभिलेखों की जांच की। हवालात का निरीक्षण किया। मालखाने की स्थिति परखी। लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर की व्यवस्थाएं देखीं। अपराध नियंत्रण की स्थिति परखी। महिला अपराधों से जुड़े मामलों की जांच की। लंबित विवेचनाओं की प्रगति का परीक्षण किया। उन्होंने अपराध पंजी, जप्ती रजिस्टर, केस डायरी सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेख देखे। रिकॉर्ड संधारण व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। मालखाने में सुरक्षित रखे जब्तशुदा माल व दस्तावेजों के रखरखाव पर जोर दिया। सम्बन्धित निराकरण के निर्देश दिए। एसपी ने हवालात की सुरक्षा व्यवस्था देखी। प्रबंधन व्यवस्था जांची। आवश्यक मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया। लंबित अपराधों, शिकायतों, वारंट तामिली की प्रगति की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्य बाजार और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया। रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था देखी। पुलिस गश्त का जायजा लिया। खाताखात और बाजार क्षेत्र की गतिविधियां परखीं। मौके पर एसडीओपी सीहोर पूजा कर्मा, थाना प्रभारी अहमदपुर निरीक्षक रामा सिंह ठाकुर, थाना स्टाफ मौजूद रहा।

ज्ञापन दिया खाद वितरण में अव्यवस्था से किसान परेशान, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

30 जून तक 50 हजार राशन हितग्राहियों को करानी होगी दोबारा ईकेवाईसी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में एक ओर राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए बड़े स्तर पर ईकेवाईसी अभियान शुरू किया गया है, वहीं दूसरी ओर खरीफ सीजन से पहले किसानों को खाद उपलब्ध नहीं होने की समस्या सामने आ रही है। प्रशासन ने राशन हितग्राहियों से समय पर ईकेवाईसी कराने की अपील की है, जबकि कांग्रेस ने खाद वितरण में अव्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की है।

30 जून तक दोबारा करानी होगी ईकेवाईसी

कलेक्टर कुलदीप के के निर्देश पर जिले में 50 हजार 146 राशन हितग्राहियों की दोबारा ईकेवाईसी कराई जाएगी। यह प्रक्रिया उन हितग्राहियों के लिए अनिवार्य है, जिनकी अंतिम ईकेवाईसी वर्ष 2021 से पहले हुई थी। खाद्य विभाग के अनुसार नाम हटने या उसमें अधिक समय पहले सत्यापन कराने वाले हितग्राहियों का पुनः सत्यापन किया जाएगा। ईकेवाईसी की प्रक्रिया पीडीएस मशीन और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के माध्यम से पूरी होगी। प्रशासन का मानना है कि इससे फर्जी और अपात्र हितग्राहियों की पहचान आसान होगी तथा वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक राशन का लाभ पहुंच सकेगा। जिला प्रशासन ने सभी हितग्राहियों से 30 जून 2026 तक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

ई-टोकन व्यवस्था से बढ़ी किसानों की परेशानी

इधर, जिले में खाद वितरण के लिए लागू ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजरोटी और पूर्व विधायक तेजेन्द्र पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि किसानों को खाद लेने के लिए पहले ऑनलाइन केंद्रों पर लंबी कतारों में लगकर टोकन बनवाना पड़ता है। इसके बाद भी वितरण केंद्रों पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि कई बार सर्वर डाउन होने से ओटीपी नहीं आती, जबकि टोकन बनवाने में किसानों के अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ता है। टोकन की वैधता केवल तीन दिन होने के कारण समय निकालने पर किसानों को दोबारा आवेदन करना पड़ता है। मानसून नजदीक होने और खरीफ बुवाई की बुवाई की तैयारी के बीच खाद की कमी किसानों की चिंता बढ़ा रही है। कांग्रेस ने प्रशासन से व्यवस्था में सुधार कर किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

समय पर ईकेवाईसी कराने की अपील

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित हितग्राहियों से अपील की है कि वे 30 जून 2026 से पहले अपनी ईकेवाईसी प्रक्रिया पूरी कर लें। निर्धारित समय में सत्यापन नहीं कराने पर संभिव्य में राशन वितरण से संबंधित दिक्कतें आ सकती हैं। इसलिए पात्र हितग्राहियों को समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है।

5.4 लीटर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

डीआर संवाददाता>>बुधनी।

(30) निवासी ग्राम सरदारनगर थाना रातवाड़ी के दौरान दस्तावेज वाहन से देशी लाल मसाला शराब के 14 क्वार्टर और देशी प्लेन मदिरा के 18 क्वार्टर बरामद हुए। कुल 30 क्वार्टर शराब की मात्रा 5. 4 लीटर निकली, जिसकी अनुमानित कीमत 2,120 रुपए बताई गई है पुलिस ने आरोपी से शराब रखने और परिवहन करने संबंधी कोई दस्तावेज एवं लाइसेंस मांगा, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, द्वितीयज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- 12,2083 विदिशा, दिन शुक्रवार ,दिनांक 12 जून 2026

न्यूज गैलरी

आज से खंड मुख्यालयों पर जनकल्याण शिविर

विदिशा। आम नागरिकों की मूलभूत व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिलेभर में विशेष जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे। तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन 12 से 18 जून तक जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर होगा। शिविर जिले के सभी विकासखंडों और निकायों में आयोजित किए जाएंगे।

अभिभावक संघ के चुनाव अधिकारी की नियुक्ति

विदिशा। जिला अभिभावक संघ विदिशा के वर्ष 2026-27 के एक वर्षीय चुनाव लंबित होने हैं। चुनाव कराने के लिए संघ ने वरिष्ठ अधिवक्ता लालू लखन जैन को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। अधिवक्ता भूपेन्द्र सिंह सागर को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है। यह जानकारी संघ अध्यक्ष सतीष कुमार शर्मा और सचिव राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने दी।

सीसीटीएनएस रैंकिंग में विदिशा पुलिस ठव-5 मे

विदिशा। पुलिस ने सीसीटीएनएस रैंकिंग में मध्यप्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक रोहित कटारावर्ती के निर्देशन में दर्ज हुई। सभी थाना प्रभारी, विवेचक, सीसीटीएनएस ऑपरेटर, जिला सीसीटीएनएस टीम की भूमिका निर्णायक रही। जिला टीम ने रोज रिपोर्ट बनाई। थानों को सुधार के निर्देश दिए, एसपी ने हर सप्ताह समीक्षा की। विदिशा छठवां माह से लगातार टॉप-5 में रहा। जुलाई 2024 में रैंक 15 थी। मई 2026 में रैंक 1 बनी।

19 को कुरवाई में होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

विदिशा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत 19 जून को जनपद पंचायत कुरवाई में जिला स्तरीय सामूहिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विवाह एवं निकाह के आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। पात्र हितग्राहियों के आधार ई-केवाईसी, समग्र एवं बीपीएल पोर्टल सत्यापन के बाद आवेदन स्वीकृत किए जाएंगे। सम्मेलन में न्यूनतम 11 तथा अधिकतम 200 जोड़े शामिल हो सकेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भोजन से लेकर सहायता एवं सम्मान किया जाएगा।

नशामुक्त अभियान की समीक्षा बैठक आज

विदिशा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के तहत संचालित नशामुक्त भारत अभियान की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक गुरुवार दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट्रेट के मेला सभाकक्ष में होगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में जिले में चल रही जनजागरूकता गतिविधियों, नशा मुक्ति कार्यक्रमों तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को 10 जून तक अपना चालन प्रतिवेदन निर्धारित टेम्पलेट पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

कृषिका एप से होगा डिजिटल केसीसी

विदिशा। किसानों को डिजिटल बैंकिंग और आधुनिक कृषि वित्तीय सेवाओं से जोड़ने के लिए जिले में किसान क्रेडिट कार्ड के पूर्ण डिजिटलीकरण हेतु अभियान शुरू किया गया है। अग्रणी जिला बैंक द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर किसानों को ऋण

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क मरम्मत और चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश

सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त डार्क जोन में लगेंगी हाईमास्ट लाइटें

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा

गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने जिले में चिन्हित स्थलों पर हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में कुल 40 हाईमास्ट लाइटें स्थापित की जानी हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे क्षेत्र जहां पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है और जिन्हें डार्क जोन के रूप में चिन्हित किया गया है, वहां प्राथमिकता के आधार पर हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएं। एसपी रोहित कटारावर्ती ने कहा कि पहले से स्थापित लेकिन खराब पड़ी हाईमास्ट लाइटों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए ताकि रात में

मौजूद रहे।

यातायात सुरक्षित हो सके। बैठक में वरिष्ठिय महान पालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एमपीआरडीसी एवं एनएचएआई की सभी सड़कों पर आवश्यक सूचनात्मक बोर्ड व्यवस्थित रूप से लगाए जाएं। साथ ही सड़क किनारे लगी झाड़ियों एवं पेड़-पौधों की

कटाई-छंटाई करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे वाहन चालकों को बेहतर दृश्यता मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। बैठक में आगामी वर्षा ऋतु

चलने की आवश्यकता है। सड़क सुरक्षा बैठकों की रिपोर्ट भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एमपीआरडीसी एवं एनएचएआई की सभी सड़कों पर आवश्यक सूचनात्मक बोर्ड व्यवस्थित रूप से लगाए जाएं। साथ ही सड़क किनारे लगी झाड़ियों एवं पेड़-पौधों की

कार्यों की भी समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश शुरू होने से पहले सड़कों के गड्ढों की मरम्मत पूरी कर ली जाए। इसके अलावा सभी प्रशासन पुल-पुलियों पर सेफ्टी बोर्ड लगाने तथा बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा, कलाक्टर थाना प्रभारी आदीप राय सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान यह निर्देश दिए

जिले के डार्क जोन क्षेत्रों में 40 हाईमास्ट लाइटें लगेंगी

डायवर्ड गड्ढे

लाइटों की एवरेज मरम्मत कराई जाएगी हेलमेट पहनने के प्रति विशेष जागरूकता अभियान चलेगा।

एनएचएआई एवं एमपीआरडीसी सड़कों पर सर्वाधिक बोर्डों की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

वर्षा पूर्व तैयारी पर जोर

सड़कों के गड्ढों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश।

जलभराव पुल-पुलियों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे।

संवेदनशील स्थलों पर पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाएगी।

सड़क किनारे झाड़ियों और पेड़-पौधों की नियमित छंटाई होगी।

मंदिर की जमीन को लेकर लेकर पुजारी संगठन ने सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा

लटेरा क्षेत्र में सार्वजनिक न्यास अधिकार आयोग के सदस्य ऐडवोकेट कानूनगो के नेतृत्व में श्री राधा कृष्ण मंदिर और उससे जुड़ी सरकारी जमीन पर कब्जे की कोशिश के आरोप लगाए गए हैं। इस मामले को लेकर कुमवार को पुजारी संगठन के पदाधिकारी तहसीलदार अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। संगठन ने पीड़ितों से मंदिर में पूजा-पाठ कर रहे दिव्यांग पुजारी लक्ष्मीनारायण दुबे को तुरंत निष्कासन करने की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कानूनगो परिवार ने मंदिर में ताला लगाकर मूर्ति हटाने का प्रयास किया और दिव्यांग पुजारी को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मंदिर से हटवा दिया। पुजारी संगठन का कहना है कि मंदिर की लगभग 27-28 बीघा जमीन की नाप से दीवार लुप्त हिस्से पर अतिक्रमण सामने आया था, जिसके बाद विवाद बढ़ गया।

संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि मंदिर से जुड़ी सरकारी भूमि, धरमशाला, दुकानें और मकानों पर भी अतिक्रमण किया गया है। ज्ञापन के साथ 38 पन्नों के दस्तावेज प्रमाण भी सौंपे गए हैं, जिनमें विभिन्न भूमि विवादों और कथित अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है।

पुजारी संगठन ने दावा किया कि पुजारी परिवार को धमकियां मिल रही हैं और उनकी सुरक्षा खतरे में है। संगठन ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पुजारी समाज तहसील कार्यालय के सामने आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करेगा।

नोटस मामले में लगाए गए आरोप पुजारी संगठन द्वारा ज्ञापन में किए गए दावे हैं। संबंधित पक्ष की प्रतिक्रिया सामने आने पर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि लाइसेंसी स्टांप विक्रेता 200 रुपये के स्टांप के बदले

डीआर संवाददाता ▸▸ गंजबासौदा

गंजबासौदा में अभिभाषक संघ के सदस्यों ने स्टांप विक्रेताओं द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने की शिकायत संघ अध्यक्ष को सौंपी है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि लाइसेंसी स्टांप विक्रेता 200 रुपये के स्टांप के बदले 240 रुपये तक वसूल रहे हैं, जबकि कुछ मामलों में अतिरिक्त शुल्क भी लिया जा रहा है। इससे अधिवक्ताओं और उनके पक्षकारों को आर्थिक

परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विवादास्पद में कहा गया है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इसे लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी है। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाह ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद पहले स्टांप विक्रेताओं के साथ बैठक कर उन्हें नियम-पुस्तिका स्टांप विक्रय करने के निर्देश दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी अनियमितता जारी रहती है तो संघ जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट को पत्र लिखकर मामले में कार्रवाई की मांग करेगा। इस दौरान कई अधिवक्ता मौजूद रहे और समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।

पत्नी की मौत, पति बचा, बोला- भाई ने दी थी सल्फास

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा

विदिशा निवेदिता नगर में पुश्तैनी जमीन और मकान पर कब्जे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद में बड़े भाई और भाभी की प्रताड़ना से तंग आकर कुवार को एक दंपती ने सल्फास खा लिया था। इलाज के दौरान पत्नी मुन्नीबाई दांगी की देर रात मौत हो गई। पति सुरेश की जान बच गई।

घटना के बाद मुन्नीबाई के मायके पक्ष और सुरेश के रिश्तेदारों ने जुरूस निकाला। कड़ी सुरक्षा में शव उठाया। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठी। लोग उपजिलाधिकारी तैनाती में थे। मगर लगभग ही दोनों भाभी के डीआई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने परिजनों को कड़ी कानूनी कार्रवाई का आश्वस्त दिलाया। मामला शांत कराया। शव का पीएम कराया। अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को राशि दिया। 4 बच्चों के सिर से मां का साया छीन गया। सुरेश ने बताया जमीन का बंटवारा मकान से पुराना था। बड़े भाई के आदेश के बाद पिता ने उनके नाम अलग से सोलीनामा भी लिख दिया था। इसके बावजूद आरोपी शिवराज पूरी जमीन हड़पना चाहता है। इस घटना में 4 बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। सबसे बड़ी बेटी अंजलि 22 साल की है। अंतिमा 19 साल की है। अनीशा 17 साल की है। सबसे छोटा 16 साल का बेटा देव दांगी है। थाना प्रभारी सिविल लाइन राजपाल जादौन ने कहा कि जमीनी विवाद में दोनों ने

गंजबासौदा में बच्चों के गले से ताबीज-चेन चोरी, दो वारदातों से दहशत

डीआर संवाददाता ▸▸ गंजबासौदा

गंजबासौदा शहर में बच्चों को निशाना बनाकर सोने-चांदी के ताबीज और चेन चोरी करने की घटनाएं सामने आने से लोगों में चिंता बढ़ गई है। जून माह में ऐसी दो वारदातें हो चुकी हैं, जिनके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना 2 जून की है। नेहरू चौक क्षेत्र में रहने वाली 8 वर्षीय बच्ची कोचिंग से घर लौट रही थी। शाम करीब 6:30 बजे एक बदमाश उसका पीछा करते हुए घर तक पहुंच गया। जैसे ही बच्ची घर के गेट के अंदर दाखिल हुई, आरोपी ने झपटा मारकर उसके गले से सोने का ताबीज छीन लिया और फरार हो गया। बच्ची के पिता इंजीनियर जाटव ने शहर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

दूसरी घटना गोपाल बाग कॉलोनी की है। यहां एक परिवार के 3 वर्षीय बेटा परिवार से कुछ दूर खेल रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति बच्चे को बहला-फुसलाकर साथ ले गया और उसके गले से चांदी का ताबीज तथा सोने की चेन बरामद कर लिया। बाद में सीसीटीवी फुटेज देखने पर पूरी घटना का खुलासा हुआ।

एसडीओपी शिखा गजरौली ने बताया कि दोनों मामलों की जांच जारी है। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया है कि आरोपी पहले बच्चों पर नजर रखते हैं और उनके अकेला पड़ने का इंतजार करते हैं। पुलिस संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।

परीक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, ड्यूटी कैंसिल नहीं होगी

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा

विदिशा पुलिस द्वारा आयोजित एक माह लंबे आयोजन-2026 दौरान कैंप का संचालन पुलिस लाइन स्थित खेलमैदान मैदान में हुआ। 1 मई से शुरू हुए इस शिविर में जिले भर के 350 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। रामायण रामायण में पुलिस अधीक्षक रोहित कटारावर्ती ने प्रस्तुत प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

शिविर के दौरान बच्चों को एथलेटिक्स, कब्बड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और हॉकी सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा मार्शल आर्ट्स, मिमिक्री, नृत्य, जुम्बा, मेहंदी और सिलाई बीडी प्रतियोगिता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। बच्चों को साइबर सुरक्षा और साइबर जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

बाइटर मध्य कार्यक्रम के तहत महिला विकास कार्यशालाओं का आयोजन कर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित कटारावर्ती ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

निरीक्षण बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का औचक निरीक्षण

कार्यालयीन व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड प्रबंधन और विभिन्न शाखाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुमार को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड प्रबंधन और विभिन्न शाखाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। यह जिला सत्र के दौरान किए गए इस निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालय के कामकाज को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना था।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय में रखी फाइलों, पंजीयों और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदनाम और कार्यों की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि आम नागरिकों को आवश्यक जानकारी आसानी से मिल सके। साथ ही कार्यालय की सभी अलमारियों की दो-दो चाबियां तैयार रखने के निर्देश भी दिए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर रिकॉर्ड तक तत्काल पहुंच सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर ने कहा कि फाइलों और दस्तावेजों के संरक्षण में और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक फाइल पर उसका विषय और संक्षेप वर्ष अंकित करने तथा सभी अभिलेखों का वर्गवार डिक्लेयर तैयार करने के निर्देश दिए। साइटिल विरूपण, पुस्तक मिलान सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़े रिकॉर्ड की ऑनलाइन लिस्टिंग तैयार कर सुरक्षित रखने को भी कहा।

निरीक्षण के दौरान पुराने अभिलेखों के नियमानुसार विनष्टीकरण (डिस्पोजल) और अनुपयोगी एवं अतिरिक्त सामग्री की नीलामी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने रूपांकन कक्ष, अनुदान शाखा और कन्याशाला शाखा का भी निरीक्षण किया तथा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मुख्य लिपिक से आवक-जावक डाक व्यवस्था की जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक पंजीयन ई-मेल के माध्यम से करने पर जोर दिया, जिससे कार्यों में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर ने डीईओ कार्यालय में संचालित आधार केंद्र का भी जायजा लिया। उन्होंने वहां प्रदर्शित शुल्क सूची की जांच की और जिले के सभी बीआरसी कार्यालयों में भी आधार केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए।

साथ ही प्रत्येक केंद्र पर निर्धारित शुल्क सूची प्रदर्शित करने को कहा, ताकि नागरिकों को स्थानीय स्तर पर आधार संबंधी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान स्कूल शिक्षा विभाग का नियंत्रण चार्टर सुव्यवस्थित मिलने पर उन्होंने अधिकारियों की सराहना भी की।

रेत कारोबार का विवाद, डंपर में लगाई आगयुवक से मारपीट, वाहनों में तोड़फोड़

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा

" रेत कारोबार को लेकर चल रहे वर्चस्व के विवाद ने कुमवार थाना क्षेत्र को हिला दिया। दो कारोबारी पक्षों के बीच हुए झगड़े ने एक युवक से मारपीट की गई, उसके वाहन ने तोड़फोड़ की गई और वारदात के बाद खड़े एक डंपर में आग लगा दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

रुपयों की मांग को लेकर विवाद सामने आया

पीड़ित जावेद खान, जो स्वयं रेत कारोबार से जुड़े हैं, ने आरोप लगाया है कि देर शाम दीपक यादव, जितेंद्र यादव और नितेश यादव (निवासी करैयाखेड़ा रोड) के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर लिया है।

विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और उनके वाहन में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद वारदात के पास खड़े उनके डंपर में आग लगा दी गई। लगातार लोगों की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम लगभग आधे घंटे की देरी से पहुंची, लेकिन दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक डंपर को भारी नुकसान हो चुका था। घटना में घायल जावेद खान का उपचार जारी है।

पुलिस ने पीड़ित जावेद खान की शिकायत पर दीपक यादव, जितेंद्र यादव और नितेश यादव (निवासी करैयाखेड़ा रोड) के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर लिया है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, 12-2083 | राजगढ़, दिन शुक्रवार ,दिनांक 12 जून 2026

न्यूज गैलरी

स्वरोजगार योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

राजगढ़ | जिला अल्पसंख्यक ताजपुरी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए तीन संचालित स्वरोजगार योजना एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनाओं के तहत पात्र युवाओं को 1.25 लाख जी.डी. बैंकबल अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से 1 लाख रुपए तक ऋण दिया जाएगा। योजनाओं में ब्याज अनुदान की सुविधा भी मिलेगी।

उद्यम व स्वरोजगार योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

राजगढ़ | पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए उद्यम एवं स्वरोजगार योजनाओं के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना में सेवा, व्यवसाय के लिए 1 से 25 लाख और उद्योग के लिए 1 से 50 लाख रुपए तक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं स्वरोजगार योजना में 10 हजार से 1 लाख रुपए तक ऋण दिया जाएगा। योजनाओं में 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं सीएसटीएसएसई सुविधा मिलेगी।

एक रात में कई किसानों के मोटर पंप और केबल चोरी

सारंगपुर | तहसील के ग्राम नाक में चोरी ने एक ही रात में कई किसानों के कुओं और ट्यूबवेल को निशाना बनाते हुए मोटर पंप और बिजली के केबल चोरी कर लिए। घटना 8 जून की रात की है। सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को चोरी का पता चला। पीड़ित किसानों ने बताया कि इससे पहले भी क्षेत्र में मोटर पंप चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़े हैं। किसानों ने सारंगपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

64 संविदा स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर, सेवाएं ठप

सारंगपुर | सारंगपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम कर रहे सभी 64 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 2 जून से पूर्ण कार्य-बहिष्कार पर हैं। हड़ताल अनिश्चितकालीन है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जरूरतमंद अंचलीय मुख्य हुआ। सामुदायिक अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को परेशानी हो रही है।

16 तक रोजगार शिविर, 525 पदों पर होगी भर्ती

राजगढ़ | युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में 10 से 16 जून तक विभिन्न जनपद पंचायत मुख्यालयों एवं तहसील आईटीआई राजगढ़ में शिक्षार्थियों हेतु रोजगार शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी एनडी संजीव कुमार ने बताया कि शिविर 10 जून को नरसिंहगढ़, 11 जून को खिलचीपुर, 12 जून को जीरापुर, 15 जून को सारंगपुर तथा 16 जून को आईटीआई राजगढ़ में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक लगेंगे। भर्ती में सुबाह जेलान के 500 एवं सुपरवाइजर के 25 पद शामिल हैं। इच्छुक युवा आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में शामिल हो सकते हैं।

प्रबंधन के समक्ष अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर हुए लामबंद के निर्देश

ओसवाल डेनिम फैक्ट्री में मजदूरों की हड़ताल आश्वासन के बाद काम पर वापस लौटे

डीआर संवाददाता ✉ कुरावर

औद्योगिक क्षेत्र पैलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम प्राइवेट लिमिटेड में गुरुवार को मजदूरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल कर दी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई हड़ताल में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए और प्रबंधन के समक्ष अपनी समस्याएँ एवं मांगों को लेकर लामबंद हो गए।

हड़ताल के दौरान श्रमिकों ने मांग की कि अगस्त 10 जुलाई तक सभी कर्मचारियों का बकाया वेतन कटौतियों एवं एरियर सहित भुगतान किया जाए। इसके अलावा प्रत्येक माह की 8 तारीख तक नियमित रूप से वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची (सैलरी स्लिप) उपलब्ध कराने की मांग की गई। कर्मचारियों की दूसरी मांग वेतन पर्ची (सैलरी स्लिप) उपलब्ध कराने की थी। पहले मांगने पर कागज पर सैलरी स्लिप दी जाती थी, लेकिन अब प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से सैलरी स्लिप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

योग्यता के आधार पर मिले वेतन और अन्य सुविधा

मजदूरों ने कहा कि कर्मचारियों की योग्यता एवं कार्य के आधार पर वेतन और अन्य सुविधाओं का निर्धारण किया जाए तथा इस संबंध में जुलाई माह तक आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही किसी भी श्रमिक के साथ भेदभाव न हो और नियमानुसार के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। हड़ताल की सूचना मिलने पर मायब तहसीलदार सुनीता सिंह, पटवारी अमित सल्लेना मौके पर पहुंचे। उनके साथ पुलिस टीम सहित मोहाल औद्योगिक संगठन रोहुखेड़ी मंडल बाजपेई एकाकार, मैनेजर ओसवाल, श्रमिक सुरेश शर्मा जनरल मैनेजर तथा फैक्ट्री प्रबंधन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मायब तहसीलदार ने सभी श्रमिकों की समस्या

छोटी-मोटी समस्या आती है, तो उसका समाधान जरूरी है

फैक्ट्री प्रबंधन ने कहा कि हमने पर बैठे सभी श्रमिक हमारे परिवार का ही हिस्सा है और सभी लोग मिल-जुलकर कार्य करते हैं। कुछ कारणों से श्रमिकों ने फैक्ट्री गेट पर आकर अपनी मांगों को लेकर धरना दिया था। प्रबंधन और श्रमिकों के बीच बातचीत हुई, जिसमें श्रमिकों की प्रमुख मांगों पर सहमति बनाने का प्रयास किया गया। प्रबंधन ने बताया कि श्रमिकों की मुख्य मांग वेतन समय पर मिलने की थी। इस संबंध में प्रयास किया जाएगा कि कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह की 8 तारीख तक उनके बैंक खातों में जमा कर दिया जाए। दूसरी मांग वार्षिक वेतनवृद्धि से संबंधित थी, जो सामान्यतः नई माह में लागू होती है। इस बार तकनीकी कारणों से मई के वेतन में वेतनवृद्धि शामिल नहीं हो पाई, लेकिन जून माह के वेतन में इसका लाभ दिया जाएगा। प्रबंधन ने यह भी कहा कि छोटी-मोटी समस्याएं सामने आती रहती हैं।

समस्याओं के शीघ्र समाधान आश्वासन पर खत्म हुई हड़ताल

अधिकारियों ने श्रमिकों की मांगों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रबंधन और प्रशासन की ओर से समाधान आश्वासन मिलने के बाद श्रमिकों ने हड़ताल समाप्त कर दी और दोपहर करीब 2:30 बजे पुनः अपने कार्य पर लौट गए। श्रमिकों ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे आगे भी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। हड़ताल के दौरान फैक्ट्री परिसर में कुछ समय के लिए कार्य प्रभावित रहा, लेकिन प्रशासन और प्रबंधन के हस्तक्षेप से स्थिति सामान्य होने में मदद मिली। श्रमिकों और प्रबंधन के बीच सहमति बनने के बाद उत्पादन कार्य शुरू हुआ।

ब्लैकमेलिंग करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

राजगढ़ पुलिस ने फर्जी लोन ऐप के जरिए लोगों को ब्लैकमेल कर रकम वसूलने वाले एक अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में आरोपियों के बैंक खातों में करीब 30 लाख रुपए के संदिग्ध लेन-देन सामने आए हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित संजेना ने बताया कि गिरोह फर्जी लोन ऐप डाउनलोड कराने के बाद लोगों के मोबाइल की कॉन्टैक्ट लिस्ट, फोटो गैलरी और अन्य निजी जानकारी तक पहुंच बना लेता था। इसके बाद फोटो एडिट कर अश्लील तस्वीरें तैयार की जाती थीं और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते थे।

मामले का खुलासा तब हुआ जब 2 जून को राजगढ़ के एक युवक ने शिकायत दर्ज कराई कि खुद को लोन रिकवरी एजेंट बताने वाले लोग उसे धमका रहे हैं। आरोपियों ने उसकी फोटो से छेड़छाड़ कर अश्लील तस्वीरें बनाई और रिश्तेदारों को भेजने की धमकी देकर 28 हजार रुपए वसूल लिए। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने अलीगढ़ से मोहम्मद आसीफ खान, इस्माइल, मोहम्मद इंतिफादा और अरमान हुसैन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि उनके गिरोह के प्रमुख को आरोपी क्रिप्टोकरेंसी में बदल देते थे ताकि लेन-देन का पता लगाना मुश्किल हो। पुलिस को आशंका है कि गिरोह कई राज्यों में सक्रिय है। मामले की पहचान जारी है और अन्य आरोपियों की भूमिका की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने लोगों से अनजान लोन ऐप डाउनलोड न करने और साइबर ठगी की स्थिति में हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की अपील की है।

पानी पूरी खाने के बाद 7 बीमार, डॉक्टर नहीं मिले, इंजेक्शन भी बाहर से खरीदा

डीआर संवाददाता ✉ पचौर

पनवाड़ी में पानी पूरी खाने के बाद गर्भवती महिला सहित सात लोग बीमार हो गए। देर रात सभी को उल्टी-दस्त शुरू होने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का आरोप है कि इलाज के लिए सबसे पहले बोदा अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सक नहीं मिले। इसके बाद मरीजों को पचौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

जानकारी के अनुसार रुद्रप्रताप (7), पूजा (24), दीपिका (20), सोमा (14), शांता (10) सहित सात लोग बीमार हो गए। इनमें दो गर्भवती हैं। परिजनों ने बताया कि बुधवार शाम को पनवाड़ी में अकस्मात उल्टी और दस्त शुरू हो गए।

परिजन फन ने बताया कि गंभीर स्थिति को देखते हुए मरीजों को एकमात्र बोदा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सक

उपलब्ध नहीं मिले। इसके बाद सभी को पचौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया और मरीजों को आवश्यक दवाइयां दीं।

अस्पताल में नहीं था उल्टी रोकने का इंजेक्शन

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उल्टी रोकने के लिए उपयोग होने वाला ऑनडेंसेट्रॉन इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था, जिसके लिए दवा बाजार से खरीदकर लानी पड़ी। इसके उपचार के बाद सभी मरीजों की हालत में सुधार हुआ और दोपहर लगभग 12 बजे उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. पंकज परमार ने बताया कि सभी मरीज उल्टी-दस्त की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंचे थे। जांच और उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई गई। प्राथमिक रूप से मरीजों में खाद्य विषाक्तता के लक्षण पाए गए हैं।

पुलिस ने 3.6 किलो गांजा जब्त किया, आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

रूनगढ़ जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बाकल थाना पुलिस ने 3.676 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त गांजे की अनुमानित कीमत 73,520 रुपए बताई गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कायमी कर ली गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुरु-ब्यावरा रोड स्थित सुखनिया बायपास ब्रिज के पास एक व्यक्ति गांजा बेचने

की तैयारी कर रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरंजन सिंह बौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने लगा, लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान मुकेश रावत (45), निवासी ग्राम गोंडा, थाना ब्यावरा देहात के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से छह पैकेटों में रखा 3.676 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मामले पंचनामा तैयार कर जब्त कर सीलबंद कर दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस का फोकस केवल गांजा जब्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे के पूरे नेटवर्क का पता लगाने पर भी है। आरोपी से पूछताछ कर गांजे के स्रोत और इसमें शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

होंडा माता टेकरी के पास दो बाइक की भिड़ंत, मासूम समेत 3 घायल

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र में होंडा माता टेकरी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक ढाई वर्षीय मासूम सहित तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए शिलाबीपुर अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार रामपुरा गांव निवासी विरेन तंवर अपने रिश्तेदार के साथ होंडा माता मंदिर के दर्शन कर लौट रहा था। वहीं दूसरी ओर निवासी चंदन गौड़ अपनी पत्नी और ढाई वर्षीय बेटे आयुष के साथ मंदिर जा रहा था। पतली मार्ग पर दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक पर पीछे बैठे आयुष के सिर में गंभीर चोट आई। घायल बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। दोनों पक्षों की प्राथमिक

जांच के बाद डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ की भीड़ लग गई। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार वाहन चलाने से हुई टक्कर बताया जा रहा है।

सड़कों पर सांड का वार... राहगीरों की मुश्किल, बुजुर्ग महिला को मारी टक्कर

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

शहर में आवारा सांड एक बार फिर बड़ा खतरा बन चुके हैं। जिससे राहगीरों के लिए मुश्किल बढ़ गई है। आवाज गर्मी सड़कों पर लड़ाई करते हैं, जिससे वाहन दुर्घटनाएं तो कुकरान होता ही है साथ ही लोग भी घायल हो जाते हैं। गुरुवार को भी पैदल चौराहे पर पटेल मेडिकल के सामने एक सांड की टक्कर से महिला घायल हो गई। हालांकि आसपास के लोगों ने तुरंत दुर्घटना महिला को संभाला और उसे अस्पताल पहुंचाया गया है। घायल महिला मीना चौराहे के पास

काम करती है। है। बुजुर्ग महिला राहगीर पर उठी जाने के लिए निकली थी कि तभी सांड ने महिला को टक्कर मार दी। महिला को कुटुम्ब पर लाकर बैठाया गया लोगों ने महिला से नाम, पता पूछने के बाद उसे आटो से उसके घर पहुंचा दिया। बताया जाता है कि नगर पालिका द्वारा इन आवारा मवेशियों को पकड़ने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। अभी गर्मी के मौसम में तो फिर भी राहत मिल जाती है, लेकिन बारिश में जब सड़कों पर खड़े रहेंगे तो वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बढ़ जाएगी।

---

13 जून को सैन समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

राजगढ़ | सैन समाज एवं स्व. दुर्गा प्रसाद सैन स्मृति न्यास के तत्वावधान में 13 जून को विंडसर के सीनियर टैलेंट ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार समारोह में जोधपुर डीआईजी मीनाक्षी अग्रवाल, विशेष मुख्य अतिथि तथा हरियाणा सरकार के शेष कला कोशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष पारमल सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

बैठक में निर्देश एसडीएम सुशील कुमार की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक आयोजित

लापरवाही पर प्रशासन सख्त, बारिश से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश

डीआर संवाददाता ✉ नरसिंहगढ़

शहर में निर्माणाधीन सिटी पोलीस सड़क को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को इसी विषय को लेकर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम सुशील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त बैठक में लोक निर्माण विभाग, नगरपालिका और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को तत्काल पूरा देकर वर्षा ऋतु आरम्भहोने से पहले पूरा किया जाए। बैठक में

नागरिकों की आवाजाही, जल निकासी और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

रहवासियों की परेशानी दूर करने पर जोर

बैठक में सामने आया कि पुलिस कॉलोनी से सीएम राइज स्कूल तक सड़क का एक हिस्सा लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे स्थानीय रहवासियों, विशेषकर लोहारपुरा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि अवशेष वेतान, सीवरलाईन और विद्युत खंभों की समयबद्ध तरीके से शिफ्टिंग सुनिश्चित करते हुए कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान नगरपालिका के सफाई कर्मचारी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों के आवंटन में कोई बाधा न आने देने के निर्देश भी दिए गए।

जलभराव और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस

बैठक में निर्माणाधीन सड़क के दोनों ओर समुचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने पर चिंता जताई गई। अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी को नालियों एवं वर्षा जल निकासी की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति न बने। इसके अलावा सड़क निर्माण स्थलों पर बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर और चेतावनी पट्टिकाएं लगाने, कटान एवं अस्थायी ढलानों की मरम्मत करने तथा दुर्घटना की स्थिति में निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुरक्षा और निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं

वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

डीआर संवाददाता ✉ उरकला

बुधवार रात झिरनी ढाबला मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार गंगा प्रसाद रावत (58) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ब्राह्मण निवासी गंगा प्रसाद अपनी पुत्री शांति रावत से मिलने साइकिल से ननिहाली जा रहे थे। रात करीब 8 बजे झिरनी से आगे मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। वहीं डायल-112 की टीम ने घायल को एंबुलेंस की मदद से बोदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिवार सुबह परिजनों को सौंप दिया। नमनीन नदीम में गंगा प्रसाद का अंतिम संस्कार किया गया। बुजुर्गों पुत्र सामबाबू रावत ने दी। शांतीबाई के अनुसार गंगा प्रसाद सरल, मिलनसार और सहकार खुशल व्यक्ति थे। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे। उनके निधन के बाद पत्नी, एक पुत्र और दो पुत्रियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।